**Roles & Responsibilities:**

1. Designing strategies, planning, and ensuring delivery with quality and performance as per plan.
2. Managing IT Division Team.
3. Managing resources, budget for smooth and quality operations.
4. Managing stakeholders, coordinating with partners, reporting and communications.
5. Enhancing the efficiency of NHM initiatives by using relevant IT solutions for – Community Processes, Comprehensive Primary Health care, Mera Aspataal application, Gunak, NQAS, LaQshya certification, HRIS, HRH, Indian Public Health Standards, DVDMS, Free Drugs initiative etc. and any other software if introduce in NHM or NHSRC .
6. Working towards operationalizing the under-developed applications like E-Supportive supervision, GRS and Health Helpline, etc.
7. Driving the process of defining, developing and roll-out of additional software requirements for IT applications, portals for NHM initiatives in collaboration with subject experts and program divisions.
8. Liaising with different programs and program partners.
9. Supporting development of Common Registry for Facilities, Service Providers and Frontline Workers.
10. Reviewing existing applications across different programs and developing a mechanism for integration and data sharing in collaboration with NIC and MIS division of MoHF&W.
11. Generating comprehensive analytics that is timely and useful for policy makers and program managers at National and State level.
12. Recommending mechanisms for effective use of data for planning, service delivery and disease surveillance.
13. Supporting states in establishing the State level data center.
14. Any other task as per requirement.

**Qualification & Experience (Regular Degree Full time Degree):**

<u>Essential:</u>

M.Tech or MSc. in Computer Science / Information Technology / Electronics.

**OR**

Master of Computer Applications (MCA)

**OR**

Master of Business Administration (MBA) in Information Technology / Systems (2 Years Full time Degree)

**OR**

Bachelor of Technology (B.Tech) in Information Technology / Computer Science / Electronics with Full-time MBA (2 Years Full time Degree)

**Experience**: Minimum 15 Years of post-qualification experience in Software Development, IT Systems & networking.

**Desirable:**

(i) Prior experience in Health Informatics shall be preferred.

(ii) Prior experience in Public Health projects shall be preferred.

(iii) 10+ years of experience in managing team sizes of 50 and above.

(iv) Proven track record of leading development of software products and execution of large-scale projects.

**Deputation:**

Government Officials willing to come on deputation can also apply for the post of Advisor-Information Technology, subject to meeting the criteria mentioned in the TOR (Terms of Reference) as above and on submission of NOC to NHSRC from their controlling department.

**Age Limit:** 60 Years (As on the date of applying).

**Work Location**: New Delhi; Travel to States and Districts is involved.

**Remuneration:** Indicative Consultancy Fee Band will be between Rs. 2,20,000/- to Rs. 2,60,000/. However, the Consultancy Fee is negotiable, and a competitive remuneration package will be provided to the selected candidate which will be commensurate with the experience and qualifications. Additional benefits include dedicated Sedan car, Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, annual increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits, as per policy.

**Duration of Contract**: Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension subject to satisfactory performance and extension of NHM).

**How to apply**: Candidates are requested to fill in the online application correctly whichis available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will beaccepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 22nd April 2026.

**संदर्भ की शर्तें**

**परामर्शदाता (एडवाइजर) – सूचना प्रौद्योगिकी, NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य एक आत्मनिर्भर, सामुदायिक स्वामित्व आधारित एवं विकेन्द्रीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की स्थापना करना है। स्थापना के पश्चात्, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमगत घटक समय-समय पर विकसित होते रहे हैं, ताकि समतामूलक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके, जो जनता की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी एवं संवेदनशील हो।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) में कार्य आठ तकनीकी प्रभागों के अंतर्गत संगठित है, जिनमें सामुदायिक प्रक्रियाएँ/समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य मानव संसाधन/स्वास्थ्य नीति एवं समेकित योजना, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य वित्तपोषण, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन, गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग शामिल हैं।

आयुष्मान भारत, भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे वर्ष 2018 में विद्यमान स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। यह स्वास्थ्य सेवा प्रदाय की क्षेत्र-आधारित एवं खंडित पद्धति से आगे बढ़कर व्यापक एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आयुष्मान भारत का उद्देश्य स्वास्थ्य के समग्र दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक, माध्यमिक एवं तृतीयक स्तर पर रोकथाम, प्रोत्साहन तथा बाह्य रोगी सेवाओं सहित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु महत्वपूर्ण हस्तक्षेप करना है। आयुष्मान भारत के अंतर्गत, लोगों के घरों के निकट सतत देखभाल के साथ समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित 1,50,000 स्वास्थ्य सुविधाओं को आयुष्मान भारत – स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (AB-HWC) के रूप में उन्नत किया जा रहा है।

आयुष्मान भारत के माध्यम से भारत सरकार ने 21वीं सदी की स्वास्थ्य प्रणाली की आधारशिला रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रारंभ के साथ-साथ एक समग्र सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता भी अनुभव की गई है, जिसमें उपयुक्त संरचना एवं डेटा संरचनाएँ हों, जो पूरे देश में लागू की जा सकें। वर्तमान में विभिन्न हितधारकों द्वारा बिना किसी मानकीकरण के पृथक-पृथक रूप से डेटा संकलन किए जाने के कारण डिजिटल स्वास्थ्य परिसंपत्तियों के विखंडन का जोखिम बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु सभी प्रभागों द्वारा अनेक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पहल भी संचालित की जा रही हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग का नेतृत्व करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु परामर्शदाता – सूचना प्रौद्योगिकी की नियुक्ति करना चाहता है। यह पद कार्यकारी निदेशक, NHSRC को प्रतिवेदित करेगा तथा संविदा के आधार पर होगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

- योजनाओं के अनुरूप रणनीतियों का निर्माण, योजना तैयार करना तथा गुणवत्ता एवं प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग की टीम का प्रबंधन एवं मार्गदर्शन करना।
- सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने हेतु संसाधनों एवं बजट का प्रबंधन करना।
- हितधारकों का प्रबंधन, साझेदार संस्थाओं के साथ समन्वय, प्रतिवेदन एवं संचार कार्यों का संचालन करना।
- सामुदायिक प्रक्रियाएँ, समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मेरा अस्पताल एप्लिकेशन, गुणक (Gunak), राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS), लक्ष्य (LaQshya) प्रमाणीकरण, HRIS, HRH, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (IPHS), DVDMS, निःशुल्क औषधि पहल आदि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या NHSRC के अंतर्गत प्रारंभ किए जाने वाले अन्य सॉफ्टवेयर/प्रणालियों हेतु उपयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी समाधानों के माध्यम से कार्यक्रमों की कार्यकुशलता में वृद्धि करना।
- ई-सपोर्टिव सुपरविजन, शिकायत निवारण प्रणाली (GRS), स्वास्थ्य हेल्पलाइन आदि अल्प-विकसित अनुप्रयोगों के संचालन एवं कार्यान्वयन की दिशा में कार्य करना।
- विषय विशेषज्ञों एवं कार्यक्रम प्रभागों के सहयोग से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की पहलों हेतु सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों एवं पोर्टलों की आवश्यकताओं के निर्धारण, विकास एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया का नेतृत्व करना।
- विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यक्रम साझेदारों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- स्वास्थ्य संस्थानों, सेवा प्रदाताओं एवं अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं हेतु कॉमन रजिस्ट्रि के विकास में सहयोग प्रदान करना।
- विभिन्न कार्यक्रमों में संचालित वर्तमान अनुप्रयोगों की समीक्षा करना तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की MIS इकाई के सहयोग से एकीकरण एवं डेटा साझाकरण की प्रणाली विकसित करना।

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर नीति-निर्माताओं एवं कार्यक्रम प्रबंधकों के लिए उपयोगी एवं समयबद्ध व्यापक विश्लेषण तैयार करना।
- योजना निर्माण, सेवा वितरण एवं रोग निगरानी हेतु डेटा के प्रभावी उपयोग के लिए उपयुक्त तंत्र की अनुशंसा करना।
- राज्यों को राज्य स्तर पर डेटा सेंटर की स्थापना में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- आवश्यकता अनुसार अन्य दायित्वों का निर्वहन करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :** (केवल नियमित/पूर्णकालिक डिग्री मान्य होंगी)

**अनिवार्य :**

- कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स में एम.टेक अथवा एम.एससी.
- अथवा
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (MCA)

  अथवा

- सूचना प्रौद्योगिकी / सिस्टम्स में मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) – (दो वर्षीय पूर्णकालिक डिग्री)

  **अथवा**

- सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान / इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.टेक के साथ पूर्णकालिक एमबीए (दो वर्षीय पूर्णकालिक डिग्री)

**अनुभव:** योग्यता प्राप्त करने के पश्चात कम से कम 15 वर्ष का अनुभव, जो सॉफ्टवेयर विकास, आईटी सिस्टम्स एवं नेटवर्किंग के क्षेत्र में होना चाहिए।

**वांछनीय :**

- (i) हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स के क्षेत्र में पूर्व कार्य अनुभव को वरीयता दी जाएगी।
- (ii) सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं में कार्य अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

